दिनांक 29.12..2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# प्रधानमंत्री आवास योजना के 21 हितग्राहियों को आवास का लाभ मिला

**भिलाईनगर।** केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास के तहत जरूरतमंदो को आवास आबंटित किया जा रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई सभागार कक्ष में दिनांक 29.12.2025 को खुली लाटरी के माध्यम से आवास आबंटन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। लाटरी कार्यक्रम में निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह उपस्थित रहे। निगम क्षेत्र के निवासरत नागरिकों से नियमानुसार दस्तावेज के साथ आवेदन जमा कराया गया था। सक्षम स्वीकृति पश्चात हितग्राहियों से आवास का कुल 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कराया गया है। आज कुल 21 हितग्राहियों को खुली लाटरी के माध्यम से आवास आबंटित किया गया। लाटरी के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्रामए उप अभियंता दीपक देवांगनए आवास प्रभारी विदयाधर देवांगनए सीएलटीसी किरण चतुर्वेदीए उत्पल शर्माए आदित्य सिंहए युक्ति देवांगनए जी मोहन राव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

